राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग

क्रमांकः प.5(1)शिक्षा–6 / 2011 / पार्ट   जयपुर, दिनांकः– 22/02/2022

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर ।

विषयः– राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के जनवरी, 2023 के सत्र में प्रवेश के लिए योग्यता परीक्षा।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के जनवरी, 2023 के सत्र में छात्र–छात्राओं के प्रवेश के लिए प्रवेश योग्यता परीक्षा हेतु इस विभाग द्वारा जारी किये गये विज्ञापन की प्रति संलग्न कर निर्देशानसार लेख है कि कृपया उक्त विज्ञापन को शिक्षा विभाग की वेबसाईट पर तत्काल अपलोड कराने का श्रम करावें।

संलग्न :– उक्तानुसार

भवदीय,

(मो. सलीम खान)
शासन उप सचिव

राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग

क्रमांकः प.5(1) शिक्षा–6/2011/पार्ट   जयपुर, दिनांकः–

:: विज्ञप्ति ::

विषयः– राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के जनवरी, 2023 के सत्र में प्रवेश के लिए योग्यता परीक्षा।

1. परीक्षा दिनांक – राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के जनवरी, 2023 के सत्र के लिए आठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए (छात्र एवं छात्राएं दोनो आवेदन करने के पात्र है) 04 जून, 2022 (शनिवार) को परीक्षा आयोजित की जायेगी।
2. आयु सीमा– परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार की आयु सीमा 01 जनवरी, 2023 को 11½ वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म 02 जनवरी, 2010 से पहले और 01 जुलाई, 2011 के बाद का नहीं होना चाहिए।
3. शैक्षिक योग्यता– उक्त कॉलेज में प्रवेश के समय उम्मीदवार 01 जनवरी, 2023 को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत या सातवीं कक्षा पास किया होना जरूरी है।
4. परीक्षा की रूपरेखा, आवेदन प्राप्त करने का माध्यम एवं अन्य जानकारी के लिए कृपया आर.आई.एम.सी की वेबसाइट www.rimc.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.education.rajasthan.gov.in देखें।
5. परीक्षा केन्द्र – जयपुर (राजस्थान) होगा।

(मो. सलीम खान)
शासन उप सचिव

Rajasthan Education Department